प्रेस नोट **03/03/2026**

थाना घोसी साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित के खाते में 10,000/- धनराशि वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी, अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के निर्देशन में साइबर फ्रॉड रोकथाम व जागरूकता के तहत चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी श्री जितेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमेंद्र कुमार सिंह व अपराध निरीक्षक श्री मोतीलाल पटेल के कुशल नेतृत्व में थाने पर साइबर टीम द्वारा साइबर पुलिस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाया गया था आवेदक विशाल पुत्र जुगेश निवासी तराईडीह थाना घोसी जनपद मऊ के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक का रिश्तेदार बनकर साइबर फ्रॉड कर लिया था जिसके संबंध में आवेदक द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गई थी| जिसमे साइबर टीम घोसी द्वारा कार्रवाई करके आवेदक विशाल पुत्र जुगेश निवासी तराईडीह थाना घोसी जनपद मऊ की फ्रॉड संपूर्ण धनराशि होल्ड कराई गई थी जिसके तहत पीड़ित को दिनांक 03.03.2026 को 10,000/-सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया।

थाना घोसी में नियुक्त साईबर टीम–

1-उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह (नोडल अधिकारी)

2-उपनिरीक्षक दिनेश यादव (सहायक नोडल अधिकारी)

3- हेड ऑपरेटर अरविंद यादव

4-महिला आरक्षी काजल सिंह

5-महिला आरक्षी पुष्पलता पांडे

थाना कोपागंज साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ित के खाते में 4000/- धनराशि वापस कराया गया–

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे साइबर फ्राड अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार, क्षेत्राधिकारी घोसी श्री जितेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक श्री रवीन्द्रनाथ राय थाना कोपागंज के कुशल निर्देशन में साइबर पोर्टल पर प्राप्त पीड़ित के शिकायत संख्या 33106250064052 के जांच के क्रम में आवेदक अभय गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता ग्राम टड़ियाँव थाना कोपागंज जनपद मऊ से दिनांक 15.06.2025 को 37500/- रुपये का साइबर फ्रॉड हो जाने के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गयी थी उक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये मा0 न्या0 के आदेशानुसार पूर्व में 4000 रू वापस कराया जा चुका है व होल्ड धनराशि थाना कोपागंज की साइबर पुलिस टीम के द्वारा आवेदक की फ्रॉड हुई धनराशि में आज दि0 03.03.2026 होल्ड धनराशि 4000/- रू वापस कराया गया।, और इस प्रकार कुल 8000 रू आवेदक के खाते में वापस कराया गया।